nt>

12.56 hrs.

Re: Need to address the problem of arising unemployment

in the country

Title: Need to tackle the rising unemployment problem in the country.

श्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) : अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में बेरोजगारी बड़ी तेजी से बढ़ रही है। देश में 6 करोड़ प्रशिक्षित बेरोजगार हैं। इसके अलावा गरीब गांव के खेतिहर मजदूर बेरोजगार हैं। इस सरकार ने घोाणा की थी कि गरीबों को रोजगार देने के लए रोजगार गारंटी योजना लेकर आएगी जिसके अन्तर्गत हर गरीब परिवार के एक वयस्क सदस्य को सौ दिन रोजगार योजना के अन्तर्गत रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। लेकिन रोजगार गारंटी योजना लागू करना तो दूर, रोजगार गारंटी विधेयक तक सरकार ने सदन में इस सत्र में पेश नहीं किया। कल संसदीय कार्य मंत्री ने यह कह दिया कि इस सत्र में रोजगार गारंटी विधेयक पेश करना संभव नहीं है। मैं समझता हूं कि इससे बड़ा विश्वासघात और कोई नहीं हो सकता। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सरकार इसी सत्र में रोजगार गारंटी विधेयक लेकर आए ताकि रोजगार गारंटी कानून बन सके और गरीबों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। ग्रामीण विकास मंत्री यहां बैठे हुए हैं। मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि वह इस सदन को आश्वस्त करें कि इस सत्र में रोजगार गारंटी विधेयक सरकार लेकर लाएगी।

ग्रामीण विकास मंत्री (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह) : रोजगार गारंटी विधेयक का ड्राफ्ट तैयार है और हम इसी सत्र में रोजगार गारंटी विधेयक ला रहे हैं। गांव से बेरोजगारी खत्म हो, इसके लिए फूड फॉर वर्क योजना, ए.सी.आर.वाई. योजना लागू है। यह सरकार गरीबों के लिए है।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You have already responded.

...(*Interruptions*)